रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2024 / 2123 जबलपुर, दिनांक 14/11/2024

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण विभागों में सी.बी.सी.एस. एवं नान सी.बी.सी.एस. स्नातक (U.G.)/स्नातकोत्तर (P.G.) एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम तथा डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स आदि E-Pravesh U.T.D. Potal के माध्यम से प्रवेशित छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन नामांकन आवेदन पत्र (Enrolment Form) एम.पी. आनलाईन पोर्टल के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है।

विश्वविद्यालयों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को निर्धारित तिथि में ऑन लाईन नामांकन/पंजीयन करना अनिवार्य है। तभी परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे । छात्र/छात्राए ऑनलाइन पोर्टल से अपने नामांकन नवीनीकरण/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करायें। तभी प्रवेश कन्फर्म माना जावेगा ।

नोट –विश्वविद्यालय के जिन शिक्षण विभागों में **D.T.E.** के माध्यम से जिन छात्रों ने प्रवेश लिया है **D.T.E.** से डाटा प्राप्त होने के उपरांत ही नामांकन आवेदन पत्र भराये जाने की अधिसूचना जारी की जावेगी ।

समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष अधिसूचना को सूचना पटल पर चस्पा कर छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन नामांकन करने हेतु सूचित करें ।

आनलाइन आवेदन **(Enrollment From)** भरने की प्रकिया निम्नानुसार होगीः–

क्रमांक	समस्त प्रकिया	शुल्क विवरण	आवेदन की तिथि
1.	इस प्रकिया के अंतर्गत स्नातक/स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम तथा डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष एवं प्रथम सेमेस्टर मे प्रवेशित विद्यार्थी अपना आनलाइन प्रवेश से प्राप्त ID नंबर, जन्मतिथि लेकर एम.पी. आनलाईन के पोर्टल पर अंकित करेंगे (Enrolment /Registration Form) भरने के उपरांत विश्वविद्यालय में जमा करायेंगे (All Student Must Fill Enroll. Cum Registration From)	नामांकन शुल्क 330/– इमीग्रेशन शुल्क 4000/– (व्यवसायिक पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.) इमीग्रेशन शुल्क 330/– सामान्य पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.)	यह प्रकिया बिना विलंब शुल्क के साथ दिनांक 16.11.2024 से 22.11.2024 तक उपलब्ध रहेगी विलंब शुल्क रू. 330/– के साथ दिनांक 25.11.2024 तक
2.	छात्रों द्वारा Enrolment Form की प्रति संबंधित वि.वि.शि. विभाग में जमा करेंगे ।		27.11.2024 तक
3.	विश्वविद्यालय द्वारा (Document Verification) कर Document वि.वि. में भेजने की अंतिम तिथि		30.11.2024 तक

टीप– ऐसे छात्र जिनका अध्ययन म.प्र. के किसी भी विघालय से हुआ है किन्तु बोर्ड म.प्र. से बाहर का है जैसे सी.बी.एस.सी. आई.सी.एस.ई. बोर्ड दिल्ली आदि है सामान्य इमीग्रेशन शुल्क 330/– देय होगा ।

01. उपनाम परिवर्तन हेतु नोडल अधिकारी ऑनलाइन से सत्यापन कराने के पश्चात् छात्रायें रूपये 100/– के मूल शपथ पत्र के साथ एवं नाम परिवर्तन शुल्क 550/– चालान के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर स्थित क्यू आर कोड स्कैन कर शुल्क जमा करें तत्पश्चात् नामांकन शाखा में जमा करें। इसके पश्चात् ही नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

02. समस्त विश्वविद्यालय प्रवेशित विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से नामांकन आनलाइन के माध्यम से भरने की सूचना पटल पर चस्पा करें। ताकि छात्र/छात्रायें आनलाइन नामांकन करने से वंचित न रह जाये तथा नामांकन न भरने की स्थिति में छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष की होगी ।

संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची निम्नानुसार हैः–

- माइग्रेशन एवं टी.सी. के संबंध में (वचन पत्र)
- Proof of Date of Birth (जन्म तिथि हेतु अंकसूची की प्रति)
- Mark sheet (10वीं, 12वीं एवं स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची)
- Migration Certificate Original (प्रवजन प्रमाण पत्र मूलप्रति)
- Eligibility Certificate (पात्रता प्रमाण पत्र)

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक 14/XI/24

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,

जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2024/2123अ

जबलपुर, दिनांक 14/11/24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
3. वित्त नियंत्रक लेखा, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
4. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर, संभाग जबलपुर ।
5. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
6. प्रभारी नोडल अधिकारी ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करे ।
7. कुलगुरू जी/कुलसचिव जी के निज सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
8. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर इस निवेदन के साथ कि बेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय

जबलपुर